

# प्रतिभा प्रदर्शन की पहचान नेशनल स्कॉलरशिप एग्जाम



महाराष्ट्र स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ करियर एजुकेशन स्कूली बच्चों से लेकर स्नातक तक के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप एग्जाम करवाता है। इस परीक्षा का मकसद है प्रतिभावान छात्रों का चयन और मार्गदर्शन करना। परीक्षा में जो छात्र उत्तीर्ण होंगे, उन्हें संस्थान की तरफ से वजीफा मिलेगा। इस परीक्षा में ऑब्जेक्टिव प्रश्न आते हैं।

## परीक्षा का प्रारूप

- इस परीक्षा में पांचवीं से बारहवीं तक और डिप्लोमा से लेकर डिग्री तक के छात्र शामिल हो सकते हैं।
- स्कॉलरशिप परीक्षा देने वाले छात्र आईसीएसई, सीबीएसई व एसएससी बोर्ड से हों।
- डिप्लोमा और डिग्री के विद्यार्थी किसी भी विश्वविद्यालय के हो सकते हैं। परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी और कोई क्षेत्रीय भाषा होगा। परीक्षा में सारे प्रश्न वस्तुनिष्ठ ही होंगे।
- हर सवाल के उत्तर में चार विकल्प होंगे।
- कुल परीक्षा 200 अंकों की होगी।

**आवेदन की अंतिम तिथि: 30 सितंबर, 2016**

- परीक्षा में सामान्य ज्ञान के 50 प्रश्न, गणित के 25 प्रश्न और सामाजिक विज्ञान से 25 प्रश्न होंगे।
- परीक्षा की कुल अवधि 90 मिनट है।
- निगेटिव मार्किंग नहीं है।

परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए एक मार्च, 2016 से पंजीकरण शुरू हो गया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।

## आवेदन-पत्र और परीक्षा शुल्क

आवेदन-पत्र नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ करियर एजुकेशन के प्रधान कार्यालय, शाखा कार्यालय, अधिकृत प्रशिक्षण केंद्रों, समन्वयकों और विद्यालयों के पास उपलब्ध रहेंगे। अगर आप चाहें तो niceedu.org/ applyonline.html वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा में बैठने वाले हर छात्र से 350 रुपये बतौर परीक्षा शुल्क लिया जाएगा। आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि के बाद अगर आप अपना आवेदन-पत्र जमा करते हैं तो 50 रुपये विलंब शुल्क देना होगा।

## परीक्षा की तिथि, केंद्र और परिणाम

परीक्षा की तिथि और केंद्र की घोषणा परीक्षा के एक महीने पहले की घोषित की जाएगी। परीक्षा ऑनलाइन ली जाएगी, इसलिए परीक्षार्थियों को ऑनलाइन एग्जामिनेशन वेबसाइट, अपने यूजर नेम और पासवर्ड की जानकारी होनी चाहिए, जो उन्हें परीक्षा केंद्रों पर स्टूडेंट हॉल टिकट पर लिखी मिलेंगी। इसका नतीजा भी ऑनलाइन ही घोषित किया जाएगा। स्कूली छात्रों, डिप्लोमा छात्रों और डिग्री छात्रों के नतीजे अलग-अलग आएंगे। स्कूली छात्रों में भी अलग-अलग कक्षाओं के नतीजे अलग-अलग होंगे। अगर दो या उससे अधिक छात्रों के अंक समान होते हैं तो उनमें से गणित में ज्यादा अंक लाने वाले छात्र को तरजीह दी जाएगी। आप इसके वेबसाइट www.niceedu.org पर जाकर अपने नतीजे देख सकते हैं।

## छात्रवृत्ति राशि

स्कॉलरशिप की राशि कक्षा के अनुसार तय की गई है। इसके अलावा पहले और दूसरे स्थान पर आने वाले छात्रों कि लिए भी राशि अलग-अलग है। स्कॉलरशिप 1,999 रुपये से लेकर 31,000 रुपये तक तय की गई है।

## आवेदन प्रक्रिया

आप वेबसाइट www.niceedu.org पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहां अप्लाई ऑनलाइन अंडर टैब ऑफ एनएसई एग्जाम-2016 पर क्लिक करें। फिर जैसे-जैसे बताया गया है, वैसे-वैसे भरें।

इसके बाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ करियर एजुकेशन के नाम से 350 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट बनवाएं, जो नासिक शाखा में देय हो। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन-पत्र की कॉपी, डिमांड ड्राफ्ट और स्कूल या कॉलेज प्रमाण-पत्र की कॉपी स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट या कूरियर कर इस पते पर भेज दें–

**महादेव ई सर्विसेज**
कौशल सदन, यादव नगर रोड
पोस्ट : मोहने, कल्याण
जिला : थाने
पिन : 421102, महाराष्ट्र

अगर परीक्षा और छात्रवृत्ति के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी चाहिए तो आप info@niceedu.org पर ईमेल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**श्रुति मित्तल**

# चार हफ्ते में सीखें कॉरपोरेट फाइनेंस

**यदि** आपकी रुचि फाइनेंस में है और इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं तो आप इसकी बुनियादी चीजों से जितनी जल्दी अवगत होंगे, उतनी जल्दी इस क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर पाएंगे। हालांकि फाइनेंस काफी विस्तृत विषय है, लेकिन एक बार समझ में आ जाने पर करियर में चार चांद लगाने से कोई रोक नहीं सकता। यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया ने छात्रों में फाइनेंस की रुचि को देखते हुए मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स के प्लेटफॉर्म कोर्सेरा के साथ मिल कर इंट्रोडक्शन टू कॉर्पोरेट फाइनेंस नामक कोर्स लॉन्च किया है। बिजनेस, मैनेजमेंट, इकोनॉमिक और फाइनेंस जैसे विषयों के छात्रों को इस कोर्स से काफी लाभ होगा। इस कोर्स को करने के लिए छात्रों को जहां फीस देनी होगी, वहीं कोर्स करने के बाद उन्हें प्रमाणित प्रमाणपत्र भी मिलेगा। कोर्स की पढ़ाई पूरी तरह अंग्रेजी में होगी। हालांकि यह कोर्स रियल प्रॉब्लम बिजनेस स्पेशलाइजेशन के तहत पांच तरह के कोर्सों में से एक है। इन पांचों कोर्सों में मार्केटिंग, फाइनेंस एकाउंटिंग, ऑपरेशन मैनजमेंट, कॉर्पोरेट फाइनेंस और बिजनेस फाउंडेशन कैप्सटन के बुनियादी मामले शामिल हैं।



## कैसा है यह कोर्स

कोर्स में पर्सनल फाइनेंस, कॉर्पोरेट डिसीजन मेकिंग और फाइनेंशियल इंटरमेडिटेशन के बारे में भी पढ़ाया जायेगा। इस कोर्स में एडमिशन लेने वाले छात्र पैसे की कीमत, रिस्क-रिटर्न ट्रेड ऑफ, पूंजी के दाम, ऑटो लीजिंग, कैपिटल बजट, ब्याज की दर आदि के बारे में विस्तृत जानकारियां पाएंगे। चार हफ्ते के इस कोर्स में छात्रों को जहां प्रिंटेड मैटीरियल उपलब्ध कराया जायेगा, वहीं वीडियो के जरिये भी क्लास उपलब्ध होगी।

## किस हफ्ते क्या होगी पढ़ाई

इस कोर्स का पहला मॉड्यूल काफी अहम है। इसमें इसकी बुनियादी बातों को बताया जायेगा। इसके जरिये छात्रों को विषय, इसके सिलेबस और टैस्ट की विधि की संक्षिप्त जानकारी मिलेगी, जिससे आगे कोर्स को समझने में आसानी होगी। पहले मॉड्यूल के तहत टाइम वैल्यू ऑफ मनी, फाइनेंस के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा चार क्विज सेट्स को भी हल करना होगा। दूसरे हफ्ते में जहां पहले हफ्ते में पढ़ाए गए मामलों को लेकर छात्रों के बीच डिस्कशन होगा, वहीं ब्याज की दर और कैश फ्लो का विश्लेषण भी किया जाएगा। तीसरे हफ्ते इससे जुड़े तकनीकी पक्षों की जानकारी मुहैया कराई जाएगी। इसी हफ्ते रिटायरमेंट सेविंग, होम फाइनेंस, ऑटो लीज आदि को भी विस्तार से बताया जाएगा। आखिरी या चौथे हफ्ते में छात्र जहां इन्वेस्टमेंट को लेकर अध्ययन करेंगे, वहीं कई फाइनेंस मॉडल के बारे में भी बताया जाएगा।

**इस ऑनलाइन कोर्स को करने के लिए रखें ध्यान**

| | |
|---|---|
| • कोर्स शुरू होने की तारीख | 28 मार्च |
| • कोर्स की अवधि | चार हफ्ते |
| • एक कोर्स की फीस | 75 अमेरिकी डॉलर |
| • संस्थान | यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया |
| • भाषा : | अंग्रेजी |
| • संबंधित वेबसाइट | /bit.ly/1TzT3mP |

## फीस वापसी

कोर्स में एडमिशन लेने के समय ही छात्रों को संबंधित कोर्स की फीस ऑनलाइन जमा करनी होगी। यदि कोई छात्र बाद में इस कोर्स को नहीं करना चाहता तो वह पेमेंट के दो हफ्ते के भीतर अपने पैसे वापस ले सकता है। यदि आपने चार हफ्ते की जगह दो हफ्ते या इससे भी कम समय में कोर्स पूरा कर लिया और सर्टिफिकेट पा लिया तो फिर फीस वापस नहीं होगी। छात्र अलग-अलग भी इस पूरे पैकेज के सभी कोर्स को कर सकते हैं या फिर सिर्फ एक कोर्स भी कर सकते हैं। सभी कोर्सों की सामूहिक फीस 495 अमेरिकी डॉलर है, जबकि चार कोर्स की फीस 75 अमेरिकी डॉलर और एक कोर्स की फीस 195 अमेरिकी डॉलर है।

## क्या हो योग्यता

कोर्स करने के लिए कोई विशेष योग्यता की आवश्यकता नहीं है, लेकिन एंटरप्रिन्योर, छोटे बिजनेस के मालिक, मैनेजर, कंसल्टेंट या फिर ऐसे लोग जो फाइनेंस मामलों में रुचि रखते हैं, वे इस कोर्स को कर सकते हैं। हालांकि हाईस्कूल स्तर के गणित का ज्ञान खास कर कैल्कुलस की जानकारी होनी आवश्यक है।

## कैसे होगा एडमिशन

सभी कोर्सेज में एडमिशन लेने के लिए छात्रों को फेसबुक पर सबसे पहले अपना एकाउंट खोलना होगा। या फिर अपने ईमेल आईडी के जरिये भी छात्र एडमिशन ले सकते हैं। जैसे ही छात्र अपने ईमेल आईडी से लॉगिन करेंगे, छात्र के सामने प्री-पे और पे-बाई-कोर्स नामक दो ऑप्शन आएंगे। किसी एक ऑप्शन पर क्लिक करने के बाद छात्र क्रेडिट कार्ड के जरिये कोर्स की फीस जमा कर सकेंगे।

**विनीत उत्पल**

# गूगल में नौकरी के लिए इनोवेटिव बनें

**मैं फेसबुक या गूगल जैसी कंपनी में जॉब करना चाहता हूं। उसके लिए क्या दरकार है और यह किस प्रकार संभव है? कृपया विस्तृत जानकारी देने का कष्ट करें।**

**नवीन सक्सेना,** ईमेल



**करियर सलाह**
आशीष आदर्श
करियर काउंसलर

फेसबुक या गूगल जैसी कंपनी जब किसी एम्प्लॉई को अपने यहां हायर करने की सोचती है तो वह अभ्यर्थी में मुख्यतः तीन बातें देखती है- पहली यह कि क्या आप विभिन्न परिस्थितियों में निर्णय लेकर एक लीडर की तरह काम कर सकते हैं और सफलतापूर्वक किसी टीम को संभाल सकते हैं? दूसरी यह कि आपमें कई प्रोफेशनल और तकनीकी गुण एक साथ होने चाहिए। यदि आप इंजीनियरिंग के छात्र हैं तो आपकी पकड़ कोडिंग स्किल जैसे तकनीकी ज्ञान पर होनी चाहिए? और तीसरी यह कि गूगल या फेसबुक जैसी कंपनियों में यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आपका एटीट्यूड कैसा है और आप किस प्रकार कुछ नया कर सकते हैं।

इन सबके अलावा एक और बात, वह यह कि आपका ग्रेड और मार्क्स कितने अधिक हैं, फेसबुक-गूगल जैसी कंपनियों में इसे बहुत अधिक महत्व नहीं दिया जाता। यहां आपका चयन पूरी तरह आपकी दक्षता पर निर्भर करता है।

चयन प्रक्रिया के दौरान आपको कम से कम इंटरव्यू के पांच स्तरों से गुजरना पड़ता है। यदि आप इसमें चयनित हो जाते हैं तो गूगल में आप अपनी जॉब पक्की समझिए। अतः यदि आप उपरोक्त गुणों को अपने अंदर पाते हैं तो आगे बढ़िए। सबसे पहले आप कम्प्यूटर साइंस में बीटेक या पोस्ट ग्रेजुएशन यानी एमसीए या एमएससी-कम्प्यूटर साइंस पूरी करें। परंतु कोशिश यह हो कि कोर्स पूरा होने से लगभग छह माह पहले ही अपना रेज्यूमे और विवरण गूगल को भेज दें। इसके लिए, सबसे पहले गूगल के करियर वेब-पेज यानी www.google.com/about/careers को विजिट करें। यहां आपको तीन ऑप्शंस मिलेंगे- टर्म्स एंड रोल्स, लोकेशन और लाइफ एट गूगल। इन तीनों ऑप्शंस पर विजिट करने से गूगल में काम करने के आवश्यक मानकों की प्रारंभिक जानकारी आपको हो जाएगी। इससे आप यह भी आकलन कर पाएंगे कि गूगल में जॉब करने लायक क्षमता आप में है अथवा नहीं। इन ऑप्शंस के ऊपर आपको एक बॉक्स मिलेगा, जहां अपनी पसंद की जॉब टाइप कर सकते हैं। जैसे, यदि आप 'सॉफ्टवेयर टेस्टर' की जॉब चाहते हैं तो इसे टाइप कर सर्च करें। आपके सामने तत्काल एक लिस्ट आ जाएगी कि सॉफ्टवेयर टेस्टर की जॉब गूगल की किस लोकेशन पर उपलब्ध है।

इसके बाद आप अपनी पसंद के जॉब और लोकेशन को सेलेक्ट कर उसमें अपना रेज्यूमे और कुछ मांगी गई सूचना टाइप करें। एक बात का ध्यान रखें, विदेश में उपलब्ध वेकेंसी पर प्रारंभ में अप्लाई न करें, क्योंकि गूगल आम तौर पर उसी आवेदन को स्वीकार करता है, जिसका आवेदन जॉब लोकेशन के देश से आया हो। इस लिहाज से आपको भारत में उपलब्ध वेकेंसी पर ही ध्यान देना चाहिए।

एक दूसरे विकल्प के तौर पर, आप किसी भी सॉफ्टवेयर कंपनी में जॉब पकड़ लें और कुछ वर्षों के तजुर्बे के बाद गूगल करियर के ही माध्यम से अपना सीवी अपलोड कर दें। आपकी स्किल को देखते हुए गूगल से कॉल आ सकती है। ध्यान रहे गूगल में प्रत्येक 200 आवेदकों में से कोई एक आवेदक ही चयनित होता है। अतः अपने विषय पर पकड़ ही आपका गूगल में काम करने का सपना साकार कर सकती है।



**हमारा पता**
आप भी अपने सवाल इस पते पर भेज सकते हैं। सलाह, नई दिशाएं, हिन्दुस्तान, आकृति बिल्डिंग, सी-164, सेक्टर-63, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उ.प्र.)

SGT UNIVERSITY
SHREE GURU GOBIND SINGH TRICENTENARY UNIVERSITY
[Established by Haryana Act No.8 of 2013]
GURGAON, Delhi-NCR
Alumini, Corporates and Associates are cordially invited to the
3rd Convocation -2016
On Saturday March 26, 2016 at 10.00 a.m.
Chief Guest
Shri Arun Jaitley
Hon'ble Union Minister of Finance, Corporate Affairs and Information & Broadcasting
Guest of honour
Dr. K.K. Khandelwal, IAS
Additional Chief Secretary, Haryana
Dept. of Medical Education & Research and Sports & Youth Welfare



Registrar (8527090294)
Vice Chancellor
Chandu-Budhera, Gurgaon-Badli Road, Gurgaon (Haryana) – 122505
8527090258 | info@sgtuniversity.org | www.sgtuniversity.ac.in

ISO 9001 : 2000
One Month Training Program on Solar Power Installation
BIRDS
BERGEN INSTITUTE ON RESEARCH FOR DEVELOPMENT OF SKILLS
Admission Notice For Placement Oriented Course
CBIP and BIRDS jointly announce one month training program on Solar Power Installation Technician
ABOUT CBIP
Central Board of Irrigation and Power
(CBIP) was set up by the Government of India for development of Irrigation & Power sector of our country in 1927. It is now committed towards the development of Power, Water resources & Renewable energy sectors of the country.
ABOUT BIRDS
Bergen Institute on Research for Development of Skills
(BIRDS) is a non profit company registered in India. Bergen Group is involved in the activity of sales, services, R&D, manufacturing & solar power generation. Group has nurtured a strong & longstanding relationship with many of the partners from abroad as well as within India. Group has customized their technologies to meet the local requirements of quality & best cost performance ratio.
ABOUT THE COURSE
The course is designed to align with the approved National Occupational Standards of National Skill Development Corporation which will cover Site Survey, Sizing, Design, Installation Techniques and hands on training on solar PV rooftop
PLACEMENT / BENEFITS OF COURSE
After completion of the course, the Candidate will be eligible to be appointed as technically qualified installer of the solar PV rooftop with enormous Job opportunities
WHO IS ELIGIBLE
ITI / Diploma in any field
FEES
Rs. 30,000/- (Fee includes lunch and course material)
TOTAL SEATS
30 (Thirty seats for each batch) on First-cum-first serve basis
VENUE
CBIP Centre of Excellence, Plot No.-21, Sector-32, Gurgaon
HOW TO APPLY
Applications on a plain paper indicating the personal and qualification details (including Mobile No. & Email) along with a DD of Rs. 30,000/- in favour of Central Board of Irrigation & Power may be sent to Director (E) CBIP Centre of Excellence, Plot No.-21, Sec. 32, Gurgaon-122001, Haryana with passport size photograph. Refer website : www.cbip.org, for any clarification please contact : 9871003256 Gp. Capt. Yogesh Sharma (Retd.) 9871997542 Mahesh Kumar
IMPORTANT DATES
Last date of receiving hard copy through post / online: 05/04/2016, Declaration of Result: 07/04/2016, Starting of course: 18/04/2016
Invest Rs. 30,000 Once and Earn Rs. 30,000 Per Month